संख्या एन-41015/6/2025-बीसी.III
भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय

कर्तव्य भवन-2,
नई दिल्ली - 110001
दिनांक: 13.08.2026

सेवा में,
सभी प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनल

महोदय/महोदया,

विगत वर्षों से सूचना और प्रसारण मंत्रालय को सिविल सोसाइटी के सदस्यों से अनुरोध प्राप्त होते रहे हैं कि श्रवण बाधित लोगो तक टीवी चैनलों पर सांकेतिक भाषा व्याख्या (साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटेशन) के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस समारोह/कमेंट्री के प्रसारण की पहुंच सुगम बनाने की व्यवस्था की जाए, ताकि प्रत्येक नागरिक इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दिवस पर आयोजित इस गौरवपूर्ण समारोह का हिस्सा बन सके।

2. माननीय राष्ट्रपति जी का राष्ट्र के नाम संदेश स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या अर्थात् 14 अगस्त, 2026 (शुक्रवार) को सायं 07:00 बजे पूरे दूरदर्शन नेटवर्क पर सीधा प्रसारित किया जाएगा। 15 अगस्त, 2026 (शनिवार) को लाल किले की प्राचीर से ध्वजारोहण समारोह तथा माननीय प्रधानमंत्री जी का संबोधन प्रातः 06:25 बजे से 09:00 बजे तक (या कार्यक्रम के समापन तक) डीडी भारती पर सांकेतिक भाषा व्याख्या के साथ सीधे प्रसारित किया जाएगा, ताकि श्रवण बाधित व्यक्तियों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित की जा सके। प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनल इन कार्यक्रमों के फीड का निःशुल्क प्रसारण कर सकते हैं।

3. डीडी नेटवर्क का फीड निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। इसलिए सभी प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों से अनुरोध है कि वे दिव्यांगजनो के लाभार्थ और इस कार्यक्रम को सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए दिनांक 14.08.2026 को भारत के माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण तथा दिनांक 15.08.2026 को लाल किले से ध्वजारोहण समारोह और माननीय प्रधानमंत्री जी के संबोधन का डीडी नेटवर्क के फीड के माध्यम से सांकेतिक भाषा व्याख्या सहित सीधा प्रसारण करें।

13/8/26

(नवनीत कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 24015764

प्रतिलिपि:

i. अध्यक्ष, इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फाउंडेशन (आईबीडीएफ), नई दिल्ली
ii. अध्यक्ष, न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स फेडरेशन (एनबीएफ), नई दिल्ली
iii. समाचार प्रसारकों के अन्य संघ।